हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, रविवार 30 जून 2024
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना



## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 79.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 29 जून तक 79.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू -अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 185.6 मि.मी.,सोहावल (रघुराजनगर) में 85.2 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 47.6 मि.मी,बिरसिंहपुर में 73 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 21 मि.मी.,नागौद में 93.3 मि.मी.,जसो (नागौद) में 27.8 मि.मी. एवं उचेहरा में 104 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1039.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 63.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी। इसी प्रकार मैहर जिला अंतर्गत 29 जून को मैहर तहसील में 21.2 मिमी तथा अमरपाटन एवं रामनगर में शून्य वर्षा दर्ज की गई है।

### ढीमरखेड़ा के तत्कालीन सीईओ पर लगा जुर्माना

**कटनी।** लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के अंतर्गत जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा विवाह सहायता योजना के तहत लाभ प्रदान करने का आवेदन समय-सीमा मे निराकृत नहीं करने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने 500 रूपये का जुर्माना लगाया है। आवेदिका उषा गर्ग निवासी ग्राम ईमलिया जनपद पचांयत ढीमरखेड़ा ने विवाह सहायता योजना का लाभ पाने हेतु 15 फरवरी 2022 को लोक सेवा केन्द्र में आवेदन पंजीकृत किया था। नियमों के तहत 10 मार्च 2022 तक इसका निराकरण किया जाना था। लेकिन इनके आवेदन की हार्ड कापी प्राप्त नहीं होने के आधार पर आवेदन निरस्त कर दिया गया। इस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने बिना पर्याप्त तथा युक्तियुक्त कारण से सेवा प्रदाय करने मे असफल रहने पर तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय पर एक मुश्त राशि 500 रूपये की शास्ति अधिरोपित की है।

### स्ट्रेचर नहीं मिला तो हाथ ठेला में ले गए मरीज को

**कटनी।** जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं कोई नई बात नहीं है। यहां आये दिन किसी न किसी अव्यवस्थाओं के नजारे आसानी से देखे जा सकते हैं। हद तो इस बात की है कि अस्पताल प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारी इस दिशा में कोई भी सार्थक पहल नहीं कर रहे हैं। सड़क हादसे का शिकार हुए युवक को कुछ लोग शासकीय जिला अस्पताल से हाथ ठेले में ले जाते हुए दिखाई दिए हैं। जानकारी के मुताबिक रीवा जिला निवासी पुष्पेंद्र केवट नामक युवक का एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उसे इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था। घायल युवक के साथियों ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि शासकीय जिला अस्पताल कटनी में पुष्पेंद्र को बेड तक नसीब नहीं हुआ। इसी वजह से वे लोग आज उसे कटनी से रीवा ले जाने के लिए आए थे। घायल युवक के साथी विष्णु दत्त पांडे ने कहा कि उन्हें शासकीय जिला अस्पताल कटनी में स्ट्रेचर तक नसीब नहीं हुआ मजबूर होकर वे लोग हाथ ठेला लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और मरीज को किसी तरह बाहर निकाल कर अपनी गाड़ी तक लेकर आए। इस मामले को लेकर बातचीत करते हुए एडीएम संस्कृति मिश्रा ने कहा की मुझे इस प्रकरण की जानकारी नहीं थी।

### नदियों से कब्जा हटाने की मांग को लेकर आंदोलन 8 जुलाई को

**कटनी।** शहर की नदियों का सीमांकन कराकर भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने के लिए आठ जुलाई को आमजन के द्वारा जन आँदोलन कर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह आँदोलन पर्यावरण मंच के बैनर तले किया जाएगा। पर्यावरण मंच के जिला संयोजक प्रशांत कुमटाकर ने बताया कि यह जन आँदोलन समाजसेवी कमलेश पटेल के नेतृत्व में किया जाएगा।

## चलती कार पर लोहे से भरा ट्रक पलटा, तीन लोगों की दर्दनाक मौत

### सतना-उचेहरा हाईवे पर हुआ हादसा, 6 साल की मासूम बाल बाल बची





**सतना।** चलती कार पर एक ट्रक कॉल बनकर पलट गया जिसके कारण तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा सतना-उचेहरा हाईवे पर शनिवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ। घटना में एक मासूम बाल बाल बच गई। बताया जाता है कि भीषण सड़क हादसे में कार सवार पति-पत्नी और बेटे की जान चली गई एक मासूम बाल-बाल बच गई। हादसा रामवन गमन पथ मार्ग पर ग्राम पथरहटा के पास हुआ। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक यूपी 95 एच 3530 मैहर की तरफ से सतना की ओर जा रही थी। इसी दौरान लोहे के सरिया लोड कर जा रहे एक ट्रक का पहिया निकल गया। इसके बाद ट्रक बेकाबू होकर कार पर पलट गया। एडिशनल एसपी ग्रामीण विक्रम सिंह कुशवाह ने बताया कि हादसा ट्रक का टायर कार पर चढ़ जाने के कारण हुआ।

#### क्रेन की मदद से कार को ट्रक से अलग करवाया

हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कुलदीप द्विवेदी पिता रामप्रताप द्विवेदी (38), रुचि द्विवेदी पति कुलदीप द्विवेदी (34), गोपाल द्विवेदी पिता कुलदीप द्विवेदी (10) के रूप में हुई है। वे सभी बांदा के अतर्रा के रहने वाले थे। वे मैहर से लौट रहे थे। हादसे में सिर्फ 6 वर्षीय मासूम बालिका ही बच पाई। उसका इलाज उचेहरा अस्पताल में चल रहा है। इलाके के लोगों ने बताया कि हादसे का शिकार हुए लोग कार के अंदर फंस गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन और जेसीबी की मदद से कार को ट्रक से अलग करवाया और उसमे फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में कार सवार लोग कार में ही दब गए थे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## स्मार्ट सिटी का हाल बेहाल, नगर निगम के इंजीनियरों पर उठ रहीं उंगलियां






### पानी ने खोली पोल, सड़क पर उतरा करंट... दो गायों की मौत, गड्ढों में फंसी गाड़ियां

**सतना।** सतना शहर स्मार्ट सिटी में तब्दील भले नहीं हो पाया लेकिन यहां के लोगों की मुश्किलों को हजारों गुना बढ़ा दिया है। जिस तरह शहर में हाल नजर आ रहे हैं उसे देखकर लोग न केवल जन प्रतिनिधियों के प्रति अपना गुस्सा निकाल रहे हैं बल्कि नगर निगम के इंजीनियरों पर भी उंगली उठाई जा रही है। आपको बता दें कि शुक्रवार और शनिवार की देर रात हुई झमाझम बारिश से नगर निगम के कामकाज की पोल पूरी तरह से खुल गई है। इतना ही नहीं बिजली कंपनी के काम की भी पानी ने पोल खोल कर रख दी है। बारिश के दौरान बिजली के खम्बो से करंट उतरकर सड़क पर आ गया जहां गौशाला चौक के पास दो बेजुबान जानवरों की मौत हो गई। यहां पर सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए जिसके कारण कई कार गड्ढों में जाकर फंस गईं। कारों को निकालने के लिए भारी जद्दो-जहद करनी पड़ी।

#### जय स्तम्भ चौक से टिकुरिया टोला का हाल बुरा

बारिश के कारण जय स्तंभ चौक से लेकर टिकुरिया टोला की ओर जाने वाले मार्ग की हालत और भी बदतर हो गई है। यहां पर पैदल चलना जंग लड़ने के समान हो गया है। इसी सड़क पर ईदगाह चौराहे के पास एक गटर टूट गया है। इस टूटे गटर पर कोई भी घटना का शिकार हो सकता है। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी शहर में भ्रमण जरूर करते हैं लेकिन उन्हें शायद यह समस्याएं नजर नहीं आ रही हैं।

#### जवाहर नगर के लोग भारी परेशान

जवाहर नगर पानी की टंकी से लेकर गली नंबर 10 की ओर जाने वाले सड़क मार्ग की हालत पिछले 6 महीने से खराब है। कब्रिस्तान से लेकर काली माता मंदिर तक कीचड़ के कारण लोग परेशान हैं। लेकिन अधिकारियों द्वारा गंभीरता से ध्यान नहीं देने की वजह से नागरिकों की मुश्किल बढ़ती जा रही है।

#### ठेकेदार के पास मटेरियल का अभाव

सड़क बना रही कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि मटेरियल का अभाव होने के कारण सड़क नहीं बन पा रही है। अधिकारी के मुताबिक जिस व्यक्ति को मटेरियल देने का ठेका दिया गया है उसके सिद्धपुर स्थित प्लांट में बिजली का पैनल खराब होने की वजह से प्रोडक्शन बंद है। सीरम नहीं मिलने की वजह से काम बंद पड़े हैं। उक्त अधिकारी ने बताया कि ऐसी स्थिति में काम करना बड़ा मुश्किल हो रहा है।

#### नोटिस दी गई , लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात

नगर निगम के इंजीनियर सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि कामकाज में गति नहीं लाने के कारण सड़क बना रही कंपनी के लोगों को नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि मटेरियल का अभाव होने की वजह से समस्या आ रही है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि सड़क बना रही कंपनी के कर्मचारी और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों पर यहां के जनप्रतिनिधि और बड़े अफसर की पकड़ ठीक नहीं है जिसकी वजह से सब कुछ मनमानी चल रहा है और जनता परेशान हो रही है।

#### ट्रैक्टर फंसा

आपको बता दें कि सीवर लाइन की दुर्दशा के बाद भी ठेकेदार सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। विराट नगर में सीरम की जगह गिट्टी डाली जा रही है। शनिवार को गिट्टी लेकर गया एक ट्रैक्टर गड्ढे में फंस गया। इस तरह की समस्याएं लगभग सभी वार्डों में है लोग काफी परेशान हैं।

## राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने शनिवार को सतना प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय सतना का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई ढंग से नहीं होने एवं चिकित्सकों की अनुपस्थिति पर राज्यमंत्री ने अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भी भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। वार्डो में भर्ती से मरीजो और परिजनो से भी चर्चा की और भर्ती मरीजो के स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सकीय स्टॉफ को सभी मरीजों को त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हों एवं स्वच्छता मानकों के अनुसार परिसर की सफाई मेंटेन करना सुनिश्चित करें। राज्यमंत्री ने अस्पताल के अंदर पान,गुटखा खाकर परिसर को गंदा करने वाले व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

### पुष्पराज किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नियुक्त



**मैहर।** कांग्रेस पार्टी संगठन में रुचि एवं सक्रियता को दृष्टिगत रखते हुए मैहर विधान सभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुष्पराज सिंह बघेल को म.प्र. किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर द्वारा मैहर जिला किसान कांग्रेस का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री सिंह ने प्रदेशाध्यक्ष सहित पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं का आभार प्रकट किया है।

## जनता पहले पानी के लिए त्रस्त थी अब पानी से त्रस्त है...



**मैहर।** नगर पालिका परिषद मैहर के वार्ड क्रमांक 20 की जनता पहले पानी के लिए त्रस्त थी अब पानी से त्रस्त है। नगर वासियों वा वार्ड वासियों की समस्या को दर किनार कर नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ वा आला अधिकारी बेखबर हैं। आपको बता दें अभी तो बारिश की शुरुआत मात्र हुई है तो ये हाल है अभी तो पूरी बरसात बाकी है। वार्ड क्रमांक 20 चुंगी नाका से घुरपुरा रोड की रोड तो समझ नहीं आ रही है सिर्फ पानी ही पानी भरा हुआ दिख रहा है। रोड तालाब में समाहित हो गई है। ये हाल बेहाल वार्ड क्रमांक 20 मात्र का नहीं है ये हाल बेहाल पूरे नगर का है,क्योंकि पार्षद समस्याओं से निजात दिलाने के लिए न जाने कितने आवेदन नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ को दिए गए हैं पर आज तक कोई फर्क ही नहीं पड़ा। जनता वा पार्षद 2 बरसो से अनगिनत समस्याओं से जूझ रहे हैं तस्वीरे साफ साफ बता रही है की जनता पिछले 3 माह से पानी और प्रकाश से त्रस्त है ये सारी जानकारी पूर्व पार्षद वार्ड क्रमांक 20 जय प्रकाश वर्मा ने दी आपको बता दे वर्तमान पार्षद वार्ड क्रमांक 20 रेखा जय प्रकाश वर्मा है इनका भी कहना है परिषद में नपा अध्यक्ष एवं सीएमओ और नपा कर्मचारी कोई सुनता ही नहीं है सब अपनी अपनी मनमानी करते हैं।

### लेखा समाधान की बैठक आज

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत सतना संसदीय क्षेत्र क्रमांक 9 के सभी अभ्यर्थियों की व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में लेखा समाधान बैठक 30 जून को कलेक्ट्रेट सभागार सतना में प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने समस्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि बैठक में अपनी उपिस्थिति सुनिश्चित करें तथा 4 जुलाई तक अपना निर्वाचन व्यय लेखा अनिवार्यतः प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30वें दिन तक अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा जमा किया जाना अनिवार्य है।

## संत रविदास स्वरोजगार योजना का लें लाभ

**सतना।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संत रविदास स्व-रोजगार योजना संचालित की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति सतना ने बताया कि जिले के शिक्षित अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे बेरोजगार युवक एवं युवतियों के स्व-रोजगार के लिए म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संत रविदास स्वरोजगार योजना प्रारंभ की गई है। जिसमें आवेदक को स्वरोजगार परियोजनाओं के लिये एक लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग,कोल्ड स्टोरेज,मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के लिये वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसी प्रकार एक लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक का खुदरा व्यवसाय जैसे ब्यूटी पार्लर,वाहन मरम्मत,फुटवेयर मरम्मत,किराना व्यवसाय,कपड़ा व्यवसाय की स्थापना के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।यह वित्तीय सहायता 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दी जायेगी एवं म.प्र.शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी योजना अंतर्गत आवेदन करने के लिये आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तक होना आवश्यक है तथा शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हो।आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12लाख रूपये से अधिक न हो। उसे जिले का निवासी होना चाहिए एवं जाति,निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये। हितग्राही योजनांतर्गत पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## संवर्धन व कौशल विकास पर प्रशिक्षक कार्यक्रम



**मैहर।** एनजीओ पाठशाला के तत्वाधान में संस्था संवर्धन व कौशल विकास पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षक कार्यक्रम 29 एवं 30 जून को शुभारंभ नेहरू सेंचुरी विद्यालय परिषद में सेवा वाहिनी समिति मैहर एवं एनजीओ पाठशाला की आयोजन में शिव ग्रामीण विकास संस्थान एवं पिपरा सेवादल बिरादरी संस्थान के संयोजक में अरुण तनय मिश्र अध्यक्ष अशासकीय विद्यालय संघ जिला मैहर एवं संचालक पिपरा सेवा दलबिरादरी संस्थान के मुख्य अतिथि एवं प्रेमलता शुक्ला संचालक मां नारायणी शक्ति महिला मंडल मैहर राजेंद्र शर्मा वरिष्ठ शिक्षक नेहरू सेंचुरी विद्यालय के विशिष्ट अतिथि में किया गया जिसमें बृजेंद्र सिंह मुख्य प्रशिक्षक द्वारा वार्षिक रिपोर्ट लेखन का उद्देश्य एवं दस्तावेजी कारण की आवश्यकता साथ ही आने वाली समस्याएं एवं समाधान डेटा संग्रह वार्षिक प्रतिवेदन निर्माण में अभ्यास कार्य की जानकारी उपस्थित संस्था प्रतिनिधियों की अपेक्षाओं परिचय एवं अन्य नवाचार विषय पर चर्चा की गई।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत



**मैहर।** थाना अमदरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रैगवां निवासी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचनाकर्ता राजनरायन शिवहरे पिता लल्ला राम शिवहरे उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम रैगवां के द्वारा अमदरा थाना में सूचना दी गई कि उसका बड़ा लड़का रोहित शिवहरे पिता राज नारायण शिवहरे उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम रेगवां का जो कि मैहर में रहकर मजदूरी करता था जो खेत में बनी मड़ैया में बड़ेरी से बांध कर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया जो सूचना पर थाना अमदरा पर मर्ग क्रमांक 49/2024 धारा 174 दप्रस का कायम कर जांच में लिया गया है शव को उतार कर पीएम के लिए अमदरा भेज कर पीएम बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के आवेदन एमपी टास्क पोर्टल पर 30 जून तक

**सतना।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा एमपी टास्क पोर्टल पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता अप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) की तिथि 30 जून तक निर्धारित की है। विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये शत प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण 30 जून 2024 तक आवेदन की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही समस्त संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है,कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित न रहे। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था/विद्यार्थी की होगी।जिन संस्थाओं द्वारा समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं की जायेगी उन सभी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाकर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
मैहर जिले में ब्यूरो कार्यालय देना है
इच्छुक व्यक्ति सुरक्षानिधि के साथ संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई जबलपुर
मोबा- 9340637789
9479623424

## खबर संक्षेप

### देवर ने कर दी भाभी की हत्या



**पन्ना।** पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां पड़ोसन के साथ बकरी चराने से मना करने पर देवर और भाभी में विवाद हो गया। जब भाभी पड़ोसन के साथ बकरी चराने जाने को लेकर नहीं मानी तो शराब के नशे में धुत गुस्साए देवर ने अपनी ही भाभी को कुल्हाड़ी से मार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर थाने पहुंच गया जिसके बाद थाने में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि, कलही केवट उम्र 45 वर्ष निवासी बारा कगरे पड़ोस की महिला के साथ बकरी चराने जंगल जाती थी। जो उसके देवर को पसंद नहीं था, जिसको लेकर उसके देवर राजा राम के द्वारा बार-बार मना किया गया। इसी बात को लेकर कल दोपहर में मृतिका और उसके देवर के बीच विवाद हो गया और गुस्साए देवर ने बकरी चराने गई अपनी भाभी को कुल्हाड़ी से मार कर मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर अजयगढ़ थाना पहुंच गया। इसके बाद पुलिस ने इसकी जानकारी मृतिका के लड़के को दी। इसके बाद घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सांप के डसने से 4 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत

**पन्ना।** अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गुठला में सांप के डसने से 4 वर्षीय मासूम बालिका की मौत का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जून को बालिका अपने घर के पास बच्चों के साथ खेल रही थी तभी अचानक एक विषैले सांप ने डस लिया परिजनों के द्वारा तत्काल बालिका को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने बालिका को अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू किया जहां इलाज के दौरान 29 जून 2024 को बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम उपरांत मृतिका का शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप कर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। बालिका की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### अज्ञात चोरों ने सोने चॉदी के जेवरात किये पार

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अमानगंज के ग्राम टांई में दरमियानी रात अज्ञात चोर चोरी करके गरीब व्यक्ति रामचरण चौधरी उम्र 45 साल निवासी चंदुआ मोहल्ला ग्राम टांई अपनी पत्नी शांति बाई के साथ थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि कल दिनांक 27.06.2024 की रात्रि करीब 11 बजे घर के दरवाजा बंद कर हम लोग सो गये थे, सुबह करीब जब हमारी नींद खुली तो हमने देखा कि जहॉ पर हमारा गृहस्थी का सामान रखा था, उस घर के दरवाजे खुले हुए थे, और अज्ञात चोर द्वारा जो सोने चांदी के जेवरात पेटी चुरा कर भाग गये। जिसमें दो नग डोरा चांदी के दो नग पायल चांदी के 2 नग छलबल चांदी के 2 नग चांदी के कंगन, 2 नग चांदी के हाथ व पैर पोस, एक जोड़ पायल बच्ची की एक जोडी सोन की झुमकी एवं पेटी में रखे 11 हजार रूपये नगद चुका कर ले गये। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380, भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया।

### पुरानी बुराई को लेकर युवक के साथ की मारपीट, मामला कायम

**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र के ग्राम पगरा में पुरानी बुराई को लेकर युवक रामचरण कुषवाहा पिता फुन्दर कुषवाहा उम्र 31 वर्ष के साथ गॉव के ही देवेन्द्र कुषवाहा और पुष्पेन्द्र कुषवाहा के द्वारा घर के अंदर घुस कर रामचरण कुषवाहा के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। फरियादी के चिल्लाने पर मोहल्ला पडोस के लोगो ने आकर बीच बचाव किया। रामचरण कुषवाहा की सूचना पर अपराध धारा 452, 294, 323, 534 के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया गया।

## नगर से लगे हुये साइंस कॉलेज के पीछे पहाड़ी में दिखा

# तेंदुआ देखकर लोगों में दहशत के हालात

**यहां अपने जंगल में जंगली जानवर न रहेंगे तो कहां रहेंगे**

**वोट की राजनीति के चलते अतिक्रमणकारियों पर मेहरबानी आखिर वन क्षेत्र भी अतिक्रमण की चपेट में वहीं जंगल में तेंदुए को देखने से दहशत के हालात**

जिला मुख्यालय से लगे हुये उत्तर वन मण्डल अधिकारी कार्यालय के पीछे जंगल व पहाड़ में जहां अतिक्रमण के हालात पनपते गये रहवासियों के रूप में लोगों ने अपने आसियाने बना लिये वन अमला की सहभागिता को नकारा नहीं जा सकता ।



**पन्ना।**

जहां वर्तमान में बखूबी जंगल की भूमि में लोगों के आसियाने बन गये अतिक्रमण के रूप में वहीं अब तेंदुए को देखने से हालात चर्चा में चल पड़े रहवासी क्षेत्र के पीछे पहाड़ में तेंदुआ यहां रहवासी क्षेत्र जंगली जानवरों का जंगल माना जाता है कि नहीं जो अपने आप में स्वयं ही सवाल है जहां आम आदमी अपनी सुविधा को लेकर जंगली जानवरों की जगह में जब अपने निवास को उचित मानता है तो वह तो जंगल है जहां जंगली जानवरों का घर माना जाता है। सवाल यह उठता है कि वन विभाग के जहां कार्यालय व डिपो से लगी हुई पहाड़ी पर अतिक्रमण सदैव जारी रहा वहीं वन अमला इससे अपने आाप को दूरी बनाये रखा इसके पीछे कहीं न कहीं वन अमले की मिली भगत को नकारा नहीं जा सकता अब जंगली जानवरों के बसेरे मंर आबादी का बसेरा बनेगा तो तेंदुआ दिखने से आखिरकार यहां चर्चा में हालात दहशत को लेकर रहवासी क्षेत्र के पीछे पहाड़ी में चर्चा को लेकर जहां सुर्खियां बनती है। पर यहां तो जंगली जानवरों का जंगल में घर नहीं या रहवास नहीं तो फिर कहां सवाल है कि मन माफिक तरीके से अतिक्रमण को लेकर जो खुली छूट दी गई इसके पीछे वोट की राजनीति को नकारा नहीं जा सकता जो आज हालात सामने है। अब जंगली जानवर जंगल में अपने आप को स्वयं ही परेशानी के दौर में मान रहे है। भले ही आम आदमी अपना रहवास माने पर वास्तविक्ता तो जंगली जानवरों का रहवास जहां अतिक्रमण करके लोगों ने अपने आशियाने बनाये अब तेंदुए को देखने से हालात चर्चा में।

## राघवेंद्र खरे, लेखापाल के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन



**पन्ना।**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में लेखापाल के पद पर कार्यरत श्री राघवेंद्र खरे 36 वर्ष की शासकीय सेवा के बाद, अधिवार्षिकी अवधि पूर्ण होने पर संस्था परिवार द्वारा उन्हे भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य ने उन्हे शाल एवं श्रीफल भेंट किया, संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता उत्कर्ष श्रीवास्तव द्वारा उन्हे हाथ घड़ी भेंट की गई। इसी क्रम में संस्था के सभी कर्मचारियों द्वारा उन्हे अन्य भेंट एवं उपहार दिये गए। इस विदाई के अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता उत्कर्ष श्रीवास्तव द्वारा खरे जी के जीवन को एक प्रेरणा बताते हुये उसे सभी को अपनाने के लिए कहा गया, एच.पी. पाठक द्वारा लेखापाल के रूप में खरे जी द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया, संस्था के पूर्व कर्मचारी एन. सी. मिस्त्री द्वारा कविता पाठ के माध्यम से खरे जी की जीवनी को उनके लेखापाल के कार्य के साथ जोड़ते हुये विस्तार से सुनाया। इस प्रकार अन्य उपस्थित कर्मचारियों द्वारा भी अपना उदबोधन देकर भावभीनी विदाई दी गई। संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी ने अपने उद बोधन में खरे जी द्वारा त्रुटिपूर्ण सेवानिवृत्ति पाने को गौरव पूर्ण क्षण बताया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में अशोक पाण्डेय द्वारा भी उद बोधन देकर खरे जी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन डी.बी. चतुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था से मूलचंद सिंह, श्रीमति सोनू गोंड़ प्रतिपाल सिंह, जीतेंद्र, ओमप्रकाश, सुखलाल, चमन प्रकाश, शायना परबीन, शिवांगी जैन, अंशुमान रेले, रुचि खरे, संतोष साहू तथा खरे की पत्नी एवं उनके पुत्र भी उपस्थित रहे।

## जिन बूथों पर विजय नहीं मिली उन पर भी भविष्य में विजय को लेकर खजुराहो सांसद प्रदेशाध्यक्ष भाजपा ने कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित





**पन्ना।**

भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन वहीं मतदाताओं का आभार को लेकर खजुराहो सांसद प्रदेशाध्यक्ष भाजपा बी.डी. शर्मा जहां इस दौरान उन 20 प्रतिशत मतदान बूथों पर कार्यकर्ताओं को लेकर प्रेरित करने के लिये दिशा दी जहां भाजपा नहीं जीत सकी या जीत का अंतर कम भी रहा सवाल उन बूथों पर नजर को लेकर माना जा रहा है। आखिर भाजपा जहां हर मतदान बूथ पर जीत को लेकर दृढ संकल्पित थी 80 प्रतिशत मतदान बूथों पर सफलता लोकसभा चुनाव में विजय को लेकर भी वहीं 20 प्रतिशत बूथों पर हार हुई उन बूथों पर कार्य करने को लेकर आगे आने वाले चुनावों का ध्यान में रखकर जीतने का लक्ष्य के साथ कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। वहीं खजुराहो सांसद प्रदेशाध्यक्ष भाजपा ने अपने विचार व्यक्त करते हुये क्षेत्र की जनता की ओर इंगित करते हुये कहा कि भाजपा और मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है उसका ऋण नहीं चुकाया जा सकता मै क्षेत्र के विकास के लिये प्रतिबद्ध हूॅ आने वाले समय में केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जल्द ही आयेंगे वहीं समूचे बुन्देलखण्ड में पानी की समस्या दूर होगी। इस कार्यक्रम में पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानन्द गौतम तथा भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। अजयगढ़ में जहां प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा का उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनन्द वंदन किया वहीं आपके साथ पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अजयगढ़ भी इस दौरान साथस-साथ नजर आ रही थी।

## सीएमएचओ ने किया दस्तक अभियान का निरीक्षण





**पन्ना।**

25 जून से 27 अगस्त तक संचालित दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. उपाध्याय द्वारा निरीक्षण किया गया। शिशु मृत्यु एवं बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से चलाये जाने वाले दस्तक अभियान में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओ के संयुक्त दल द्वारा 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों के घर-घर जाकर उनकी चिकित्सीय जांच, आवश्यक उपचार व प्रबंधन हेतु गतिविधियॉ संचालित की जा रही हैं, जिसमें गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, बालकालीन दस्त रोग की पहचान, जन्मजात विकृतियों की पहचान प्रबंधन एवं रेफरल का कार्य किया जा रहा है। साथ ही 9 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए अनुपूरण पिलाया जा रहा है एवं शिशु बाल आहार पूर्ति संबंधी समझाईश भी समुदाय को दी रही है। सीएमएचओ ने उप स्वास्थ्य केन्द्रों जरूआपुर एवं दहलान चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम मनौर, कुड़ार, खजरी के उच्च जोखिम क्षेत्रों में भ्रमण कर दस्तक दल द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का विस्तारपूर्वक जायजा लिया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. गुंजन सिंह द्वारा देवेन्द्रनगर ब्लॉक के शहरी क्षेत्र एवं ग्राम बड़वारा में दस्तक दल द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली गई एवं घर-घर भ्रमण कर समुदाय को स्वच्छता विषय पर समझाईश दी।

## आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर की अभिनव पहल

**मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी होगी जनसुनवाई**

**पन्ना।**

कलेक्टर सुरेश कुमार ने आम नागरिकों की सुविधा और ग्राम पंचायत स्तर पर ही समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से प्रति मंगलवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने की अभिवन पहल की है। इस संबंध में जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। पंचायत स्तर की जनसुनवाई में ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक सहित पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामवासियों से प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करवाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री कुमार ने जानकारी दी कि जनसुनवाई के पर्यवेक्षण के लिए ग्राम पंचायत समूहवार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की जाएगी।



पर्यवेक्षण अधिकारी को पंचायतों का भ्रमण कर वांछित जानकारी मंगलवार शाम तक प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में प्रायः दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत स्तर पर ही जनसुनवाई शुरू होने से छोटी-छोटी समस्याओं के लिए आम जनता को जिला मुख्यालय तक नहीं आना पडेग़ा और मैदानी कर्मचारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर ही ग्रामवासियों की समस्या का निराकरण किया जाएगा। इससे गरीब व आर्थिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के समय और पैसे की बचत होने के साथ ही अविलंब व त्वरित रूप से समस्याओं का निराकरण संभव होगा। साथ ही शासन की मंशानुसार ग्राम पंचायत स्तर की जनसुनवाई में ग्रामवासियों की समस्याओं के निराकरण के साथ ही पात्र व वंचित लोगों को शासकीय विभागों की सुविधाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। किन्हीं कारणोंवश पंचायत स्तर पर आवेदन का निराकरण संभव नहीं होने पर आवेदन को संबंधित विभाग के खण्ड स्तरीय कार्यालय में प्रेषित कर समय-सीमा में निराकरण कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

## छपरवारा से महुआखेड़ा मार्ग आवागमन में कठिनाई व मुश्किल के हालात



**सलेहा।**

जनपद पंचायत गुनौर अन्तर्गत ग्राम पंचायत छपरवारा जिसकी आबादी लगभग 4500 है ,ग्रामवासियों का आवगमन इसी मार्ग से होता है और उनका नजदीकी बाजार ,दैनिक वस्तुओं के लिये और स्वास्थ्य समस्या होने पर सलेहा आना जाना होता है । छपरवारा से महुआखेड़ा मार्ग की दुर्दशा के कारण ग्रामवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कच्चे मार्ग की लंबाई लगभग 3 किलोमीटर है, और इसकी स्थिति अत्यंत खराब है। इस मार्ग पर कीचड़ और मिट्टी की मोटी परतें जमी हुई हैं, जिससे यहाँ से गुजरना बहुत मुश्किल हो गया है। रास्ता इतना खराब है कि पैदल चलना और वाहनों का आवागमन बहुत कठिन हो गया है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। गाड़ियों और दोपहिया वाहनों के लिए इस रास्ते पर चलना लगभग असंभव हो गया है। इससे दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने पर समय से अस्पताल नही पहुंच पाते हैं किसानों और ग्रामवासियों को सलेहा बाजार तक पहुंचाने में कठिनाई हो रही है। छपरवारा से महुआखेड़ा मार्ग की खराब स्थिति ग्रामवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामवासियों को इस कठिनाई से छुटकारा मिल सके और उनका दैनिक जीवन सुचारू रूप से चल सके।

## टौराह में मंडल अध्यक्ष ने किया हाई स्कूल विल्डिंग का भूमि पूजन

### 1 करोड 18 लाख की लागत से बननी है बिल्डिंग

**पन्ना/अमानगंज।**

पन्ना जिले की गुनौर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत टौराह में शिक्षा विभाग द्वारा हाई स्कूल भवन निर्माण स्वीकृत किया गया था जिसकी लागत राशि एक करोड अठारह लाख स्वीकृत की गई थी। लगभग 52आरे रकवा पर भव्य हाई स्कूल के निर्माण को लेकर भारतीय जनता पार्टी के अमानगंज मंडल अध्यक्ष डा.प्रशांत चतुर्वेदी के कर कमलों से आज भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। संकुल केन्द्र प्रभारी सुरेंद्र द्विवेदी ने उपस्थित जनों को जानकारी देते हुए बताया कि यह भवन ग्राम टौराह में एक करोड अठारह लाख रुपये की लागत से बनना स्वीकृत हुआ है जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ है जो कि बहुत जल्द नियत समय में बनकर तैयार हो जायेगा,जिससे बच्चों को शिक्षा अध्ययन के लिए



सर्वसुविधायुक्त भवन उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद अमानगंज अध्यक्ष श्रीमति सारिका खटीक,पूर्व मंडल अध्यक्ष रामलाल लखेरा,अमानगंज भाजपा मंडल महामंत्री प्रदीप अवस्थी,मंडल पदाधिकारी छोटे राजा गढोखर ने भी अपने उद्बोदन में शिक्षा के महत्व को बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष डा.प्रशांत चतुर्वेदी द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही महात्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुये बताया कि भाजपा सरकार अंत्योदय पर चलने वाली पार्टी है जो कि अंतिम छोर पर स्थित लोंगों के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड रही है।लगातार पिछडे क्षेत्रों के विकास का काम करती है।इसी क्रम में ग्राम टौराह जो कभी सडक विहीन ग्राम था,यहाँ आवागमन की बहुत दिक्कत थी लोगों को बरसात के दिनों में भारी दिक्कतों का सामना करना पडता था,लेकिन आज भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सडक योजना के तहत लगभग ऐसे सभी गाँवों में सडक निर्माण हो चुका है जो सडक विहीन थे।उन्होंने भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों से भी सहयोग की बात कही व बच्चों एवं अभिभावकों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया,बच्चे समय से विधालय जायें और अभिभावक अपने बच्चों को विधालय भेंजे व उनकी पढाई में रुचि दिखायें,जिससे भविष्य में गाँव के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपना भविष्य सुनिश्चित करें और गाँव का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में ग्राम के प्रबुद्धजन,जिला मीडिया प्रभारी नीरज रैकवार,स्थानीय जयप्रकाश पाठक,सरपंच,सचिव एवं भारी संख्या में ग्रामीण,महिलाएँ एवं बच्चे उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन नीरज बडेरिया द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### वायरल वीडियो के पीड़ित व्यक्ति को शासन द्वारा प्रदाय राहत राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** वायरल वीडियो संज्ञान में आते ही छतरपुर पुलिस की संयुक्त गठित पुलिस टीम द्वारा तत्काल ही घटना से संबंधित सभी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार एवं वाहन जप्त किए गए थे। हत्या का प्रयास, अपहरण, अवैध हथियार, आईटी एक्ट, एससी एसटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। दो अपराधियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की गई है। उक्त प्रकरण के पीड़ित व्यक्ति को मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदाय राहत राशि की स्वीकृति हेतु थाना कोतवाली, थाना सिविल लाइन एवं थाना अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण जिला छतरपुर द्वारा प्रतिवेदन जिला जनजाति कार्य विभाग प्रस्तुत किया गया। जिला दंडाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग की अध्यक्षता में समिति ने उक्त प्रकरण के पीड़ित व्यक्ति हेतु शासन द्वारा प्रदाय राहत राशि 2 लाख रुपये स्वीकृत की गई। पहली किस्त में कुल स्वीकृत राशि का एक चौथाई भाग 50000 रुपये राहत राशि पीड़ित के खाता में भेजी जा रही है।

### घर में सो रही महिला को जहरीले सर्प ने डसा, मौत

**छतरपुर।** जिले के गुलगंज कस्बे में रहने वाली एक महिला को बीती रात सोते वक्त जहरीले सर्प ने डस लिया था। परिजन उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल लाए थे लेकिन इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। गुरूवार को महिला का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुलगंज निवासी बृजेश खंगार की 28 वर्षीय पत्नी यशोदा रोज की तरह घर में सो रही थी। रात के वक्त एक जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। यशोदा की चीख सुनकर घर के अन्य लोग जागे और उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरु किया। गुरूवार की सुबह इलाज के दौरान यशोदा की मौत हो गई। मौत की पुष्टि होने के बाद यशोदा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### आधा घंटे तक हुई जोरदार बारिश

**छतरपुर।** गुरूवार को सुबह से निकली तेज धूप ने लोगों की हालत खराब कर दी लेकिन दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ और करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश इतनी तेज थी कि छत्रसाल चौराहे के आसपास मौजूद दुकानों में पानी भर गया और बारिश रुकने के बाद दुकानदार पानी को बाहर निकालते नजर आए। वहीं शहर के भीतरी इलाकों की बात करें तो यहां नगर पालिका की लापरवाही के चलते यहां के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**किसानों के चेहरे खिले, शुरु होगी बोवनी-** लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे पर बारिश के बाद खिल उठे। दरअसल किसान काफी दिनों से इसी तरह की बारिश का इंतजार कर रहे थे। गुरूवार को लगभग आधा घंटे तक हुई जोरदार बारिश के बाद किसान अब बोवनी के लिए तैयार हैं। किसानों का कहना है कि वे कल से ही बोवनी का कार्य शुरु करेंगे।

### कई-कई दिनों तक नहीं होती सफाई

**छतरपुर।** दरअसल शहर के कई ऐसे इलाके हैं जहां नगर पालिका द्वारा नियमित साफ-सफाई नहीं कराई जा रही है और नालियां चोक पड़ी हुई हैं। इसी के चलते गुरूवार को हुई बारिश के बाद नालियों का गंदा पानी उफन कर मोहल्लों की गलियों में बहता दिखा। इस गंदे पानी से निकल रही बदबू ने लोगों को काफी परेशान किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि नगर पालिका की कचरा गाड़ी कई-कई दिनों तक कचरा उठाने के लिए नहीं आती जिस कारण से मोहल्ले में गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लग जाते हैं। इसी बीच अगर बारिश हो जाए तो यही कचरा पानी के साथ बहकर पूरे मोहल्ले में फैल जाता है। इसके साथ ही नालियों की भी सफाई नहीं की जा रही है।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सागर जिले से आए

# जन शिक्षकों का चल रहा पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**फंडामेंटल लिट्रेसी एंड न्यूमरेसी मॉनिटरिंग का चल रहा प्रशिक्षण**

**चाय में दूध की जगह पानी और बासी रोटी मिलने का जनशिक्षकों ने लगाया आरोप**

शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में सागर जिले के जनशिक्षकों के पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर में अनियमितता एवं अव्यवस्थाएं देखने को मिल रहीं हैं। जिसके चलते बुधवार को प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाली चाय का जन शिक्षकों ने बहिष्कार कर दिया तो वहीं दोपहर के भोजन में बासी रोटी मिलने के आरोप भी प्रशिक्षणार्थियों ने लगाए लगाए हैं, हालांकि डाइट के प्राचार्य ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है, प्राचार्य ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 18 शिक्षकों को नोटिस जारी होने के कारण शिक्षकों के द्वारा बेवजह आरोप लगाने की बात कही है।

**नौगांव।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में वर्ष 2026-27 तक कक्षा 3 तक के सभी बच्चों के लिये बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफएलएन) हासिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'निपुण भारत मिशन' (National Initiative for Proficiency in Reading with Understanding and Numeracy) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 2026-27 तक निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये वर्ष 2021 में मिशन अंकुर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इसी मिशन अंकुर अभियान के तहत निपुण प्रोग्राम के माध्यम से शहर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में 24 जून से 28 जून तक सागर जिले के 102 जनशिक्षकों को एफ एलएन यानी फंडामेंटल लिट्रेसी एंड न्यूमेरेसी (आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान) की मॉनिटरिंग करने एवं मेंट्रिंग एप में दक्ष बनाने को लेकर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। डाइट में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भारी अनियमितता एवं अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। शिविर के तीसरे दिन जनशिक्षकों ने बताया कि शिविर के दौरान मिलने वाली चाय में दूध के स्थान पर पानी की मात्रा अधिक रही या यूं कहें कि चाय में दूध की मात्रा नाममात्र की रही जिसके चलते जनशिक्षकों ने चाय न पीने का फैसला किया। इसके बाद दोपहर को मिलने वाले भोजन की थाली में बासी रोटी देने के आरोप भी जन शिक्षकों ने डाइट प्रबंधन के ऊपर लगाए। तो वहीं कुछ जनशिक्षकों ने रोटी से अलग प्रकार की स्मेल आने, रोती खट्टी आदि होने की शिकायत करते हुए खाने से इंकार करते हुए हंगामा कर दिया। मामला संज्ञान में आते ही डाइट प्रबंधन ने तुरंत फुरंत मामले को निपटाने के लिए हंगामा कर रहे शिक्षकों के लिए दूसरी भोजन को थाली की व्यवस्था कर दी। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

### जन शिक्षक बोले 1 हजार प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन का बजट, लेकिन सुविधा कुछ नहीं, 5 लाख 20 हजार का बजट लगा रहे ठिकाने

सागर से प्रशिक्षण लेने आए जनशिक्षकों ने बताया कि शासन ने प्रत्येक प्रशिक्षणार्थियों के लिए 1 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से बजट जारी किया है, यहां चल रहे प्रशिक्षण में सागर जिले के 102 एवं टीकमगढ़ जिले की 2 महिला शिक्षकों सहित कुल 104 व्यक्ति प्रशिक्षण ले रहे हैं, इस हिसाब से 1 लाख 4 हजार रुपए एक दिन का और पांच दिन का 5 लाख 20 हजार रूपये बजट शासन से मिला है। जिसमें प्रशिक्षण सामग्री के नाम पर स्टेशनरी, रुकना खाना आदि शामिल है। डाइट प्रबंधन ने प्रशिक्षण केंद्र के पास संचालित शिक्षा विभाग के किसी विनोद गुप्ता के होटल मंगलम से सांठगांठ की है। जिसमें एक हाल में 82 लोगों को और एक हॉल 30 लोगों के रुकने की व्यवस्था की गई है, जबकि बाकी नाश्ता और खाने के नाम पर खराब एवं निचले स्तर का खाना देकर बजट को ठिकाने लगाया जा रहा है। पहले दिन जब केंद्र में भोजन दिया गया तो कम पड़ गया। दूसरे दिन होटल में टोकन देने के बाद भी भोजन देने में आनाकानी की गई और अब बुधवार को पतली चाय और बासी रोटी देकर बजट ठिकाने लगाने के आरोप जनशिक्षकों ने लगाए हैं।

### प्रशिक्षण के दौरान गायब 18 शिक्षकों को नोटिस जारी किया, इसलिए आरोप लगा रहे - प्राचार्य

प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जनशिक्षकों के आरोपों को डाइट प्राचार्य पीएल अहिरवार ने बेबुनियाद बताया है। प्राचार्य का कहना है कि मंगलवार की सुबह उपस्थिति हस्ताक्षर के बाद 18 जनशिक्षक प्रशिक्षण से गायब हो गए और शाम को होने वाली अटेंडेंस से पहले यह लोग फिर से आ गए। जिस कारण से मैने अनुपस्थिति रहने वाले ऐसे 18 शिक्षकों के खिलाफ नोटिस जारी किया है, इसी नोटिस से परेशान होकर यह लोग बेवजह आरोप लगा रहे हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं है, इसके बावजूद कुछ लोगों ने रोटी के संबंध में शिकायत की तो हमने होटल से दूसरी थाली मंगवा दी है, कोई मुद्दा नहीं है।

### निपुण प्रोफेशनल प्रभारी बोली समस्या का समाधान हो गया है

सागर जिले के जनशिक्षकों के दल को लेकर आई निपुण प्रोफेशनल प्रोग्राम की जिला प्रभारी शालू शर्मा का कहना है कि कुछ दिक्कतें थी, प्राचार्य के सहयोग से समाधान हो गया है। जनशिक्षकों ने सुबह चाय एवं दोपहर के भोजन में रोटी को लेकर आपत्ति की थी, तो हमने प्राचार्य को अवगत कराया। प्राचार्य ने समस्या का समाधान करा दिया है, फिलहाल कोई दिक्कत नहीं है।

## अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर युवक ने की मांग

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक रोकी जाए नामांतरण की कार्रवाई

**छतरपुर।**

गुरूवार को छतरपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पडुवन दालौन के रहने वाले उमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि गांव में मौजूद उसकी पैत्रिक जमीन का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, लेकिन विपक्षी हाईकोर्ट का आदेश दिखाकर नामांतरण कराने का प्रयास कर रहे हैं। उमेश ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक नामांतरण की कार्रवाई न किए जाने की मांग की है।

उमेश कुमार दीक्षित ने बताया कि वर्ष 1984 में उसके स्वर्गीय दादा ने शंकर सिंह से दालौन मौजा में स्थित खसरा नंबर 1129, 1130, 1131 की जमीन खरीदी थी, जिसकी रजिस्ट्री और नामांतरण उसी समय हो गया था। इसके बाद वर्ष 2007 तक दीक्षित परिवार इस भूमि पर कृषि कार्य करते रहा। 2007 में गांव के बल्दुवा कुशवाहा और उसके परिवार ने उक्त जमीन पर जिला न्यायालय में केस दायर कर दिया, जिसका फैसला दीक्षित परिवार के पक्ष में आया। इस फैसले के विरुद्ध कुशवाहा परिवार ने एडीजे कोर्ट में सेकेन्ड अपील की थी, जिसके बाद जिले से हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। वर्तमान में प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में है, जहां 8 जुलाई 2024 को पहली सुनवाई होना है, लेकिन कुशवाहा परिवार हाईकोर्ट का आदेश दिखाकर उक्त जमीन का नामांतरण आने नाम कराने का प्रयास कर रहे हैं। उमेश दीक्षित ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि जब तक सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आता तब तक हाईकोर्ट के आदेश पर नामांतरण की कार्रवाई न की जाए।

## प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से किए जा रहे बोर

**महाराजपुर।** मध्यप्रदेश के तमाम जिलों में लोकसभा चुनाव के समय बोरवेल उत्खनन तथा तालाब और पेयजल स्रोतों से सिंचाई किए जाने को प्रतिबंध किया गया था, लेकिन उक्त आदेश का महाराजपुर क्षेत्र में कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। क्षेत्र में बोरवेल उत्खनन से लेकर तालाबों के पानी से सिंचाई जैसे सभी कार्य धड़ल्ले से चल रहे हैं और प्रदेश शासन का आदेश जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यालय में धूल खा रहा है। बोरिंग मशीन के संचालकों द्वारा इसी आदेश की आड़ में लोगों से अधिक पैसे वसूलने की जानकारियां भी सामने आ रही हैं।

छतरपुर जिले में कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा 16 मार्च 2024 को ट्यूबवेल खनन, बोर तथा पेयजल स्रोतों से सिंचाई किए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया था जिसके चलते लोग चोरी-छिपे बोर करवा रहे हैं और इसके एवज में उन्हें अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। हालांकि प्रदेश के कई जिलों में अब यह प्रतिबंध हटा लिया गया है लेकिन छतरपुर जिले में कलेक्टर का आदेश अभी भी प्रभावशील है। परिणामस्वरूप मार्च से पहले जहां लोगों को बोर कराने के लिए 80 से 100 रुपए स्क्वायर फीट की दर से पैसा लगता रहा था वहीं वर्तमान में लोगों को 130 से 150 रुपए स्क्वायर फीट की दर से पैसे देने पड़ रहे हैं, के आरोप लग रहे है।

# निकायों में निर्माण कार्य समय से एवं गुणवत्ता पूर्ण ढंग से किए जाएं: कलेक्टर

**दुकानदारों के ट्रेड लायसेंस बनाए जाने के निर्देश**

**कलेक्टर ने चौराहों पर पेम्पलेट चिपकाने वालों पर दिए कार्यवाही के निर्देश**

**छतरपुर।**

कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिन्द नागदेवे, सीएमओ एवं सब इंजीनियर्स उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, संजीवनी क्लिनिक, पेजजल, कायाकल्प, सीएम हेल्पलाइन, अमृत 2.0, पीएम स्वनिधि सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने निर्देशित किया की बस स्टॉप ,पार्क, स्कूल के सामने एवं रोड के किनारे किनारे दुकानों का निर्माण न कराएं। उन्होंने कहा जहाँ भी निर्माण कराना है। वहां के मार्केट का निर्माण यू आकार में कराया जाए। कलेक्टर ने पार्कों को विस्तृत रूप से हरा भरा बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा पार्क में कोई भी कंपाउंड सीमेंट या ईंट से नहीं बनाएं। उन्होंने चौराहों पर पेम्पलेट चिपकाने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा की निकायों का रेवेन्यू कलेक्शन सही ढंग से किया जाए और स्ट्रीट लाइट की लाइन से अवैध कनेक्शन हटाएं। ताकि निकाय का नुकसान रुके। उन्होंने कहा हर निकाय में एक सोलर पावर प्लांट लगाने से संबंधित कार्यवाही प्रारंभ कि जाए। जिससे बिजली के बिल की भी बचत हो सके। कलेक्टर ने सभी सीएमओ को निकाय क्षेत्र में सुबह के समय भ्रमण करने के निर्देश दिए। ताकि व्यवस्थाओं का और सुदृढ़ बनाया जाए।

**पेंशनर्स की शत प्रतिशत ईकेवायसी कराने के निर्देश, नहीं तो होगी वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही**

कलेक्टर श्री जी.आर. ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना अंतर्गत चौथे चरण में कार्य नहीं कराए जाने के संबंध में नौगांव नगरपालिका सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा विकास कार्यों से संबंधित लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। कलेक्टर ने पेंशनर्स की शतप्रतिशत ईकेवायसी कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिनका काम बेहतर नही होगा उनकी वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

### गुणवत्तापूर्ण कार्य नही करने पर ठेकादारों को करें ब्लैक लिस्ट

कलेक्टर श्री जी.आर. ने कहा दुकानों के ट्रेड लायसेंस बनाए जाएं। साथ ही जो नियमों को फॉलो नही करें उन पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा सभी निकाय चिन्हित जगह पर छतरपुर शहर के देरी रोड बने फ्रूट फॉरेस्ट के अनुरूप ही फ्रूट फॉरेस्ट लगाएं और मैन रोड पर भी अच्छा प्लांटेशन करें। उन्होंने कहा तालाबों में गंदे पानी को जाने से प्रभावी तरीके से रोका जाए। कलेक्टर ने अमृत 2.0 की समीक्षा करते हुए कहा सभी प्रोजेक्ट सही समय पर पूर्ण किए जाएं एवं जो ठेकेदार सही समय से एवं गुणवत्तापूर्ण काम ना करे उनको ब्लॉक लिस्ट करें। उन्होंने ठेकेदार एवं एवं सब इंजीनियर्स की संयुक्त मीटिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा जिस हैड का पैसा हो उसी हैड में खर्च किया जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शासकीय भूमि पर आवास का निर्माण नही हो। न ही जिओ टैगिंग की जाए, नही तो संबंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लोहा पीटने वालों को चिन्हित कर विभिन्न शासकीय लाभों से जोडऩे के निर्देश दिए।


### नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के लिए आवेदकों को नहीं हो परेशानीः एसडीएम

लवकुशनगर। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशन में राजस्व प्रकरणों का समय से निराकरण और आदेश का अमल त्वरित कराने गुरुवार को एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने तहसील कार्यालय लवकुशनगर का औचक निरीक्षण किया साथ ही राजस्व प्रकरणों की जांच की। एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने रेवेन्यू केस के समय से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आवेदकों को राजस्व कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और नक्शा सुधार कार्य के निराकरण समय से किया जाए। कलेक्टर ने आदेशों के तत्काल अमल कराने के निर्देश दिए। एसडीएम देवेंद्र चौधरी ने पुराने लंबित प्रकरणों के जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदकों को कोई रिकॉर्ड चाहिए हो तो बार-बार तहसील आने की आवश्यकता न पड़े, लैंड रिकॉड्र्स का भी डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सुप्रिया बागरी, स्टैनो यादवेंद्र सिंह धाकड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शाहपुर डूब क्षेत्र में अवैध खनिज रेत का भंडारण

## मात्रा 70 घ.मी. को खनिज विभाग ने किया जप्त





### अवैध रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को भी पकड़ा

**सिंगरौली।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सृजन वर्मा (आई.ए.एस), जिला खनिज अधिकारी ए. के. राय एवं नगर पुलिस अधीक्षक *पी. एस. परस्ते के मार्गदर्शन में दिनांक 27/06/2024 को खनिज विभाग में पदस्थ सहायक खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला,थाना प्रभारी विन्ध्यनगरअर्चना द्विवेदी, खनिज सर्वेयर मुनेन्द्र सिंह एवं पुलिस अमले द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान ग्राम-चन्दावल (सेमरा बाबा के पास) एक ट्रेक्टर कमांक एम.पी. 66 ए 2290 को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ थाना विन्ध्यनगर परिसर में खड़ा कराया गया है। वही जॉच के दौरान शाहपुर डूबक्षेत्र में खनिज रेत मात्रा 70 घ.मी. का अनाधिकृत रूप से भण्डारण किया जाना पाया गया। मौका जॉच के दौरान किसी भी व्यक्ति/ फर्म के द्वारा खनिज रेत भण्डारण सम्बन्धित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये जाने पर लावारित रूप से सम्पूर्ण खनिज रेत मात्रा 70 घ.मी. जप्त किया गया है। उपरोक्तानुसार जप्त टेक्टर-ट्राली एवं अवैध रूप से भण्डारित खनिज रेत के विरूद्ध खनिज नियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही हेतु कलेक्टर सिंगरौली के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। उपरोक्त कार्यवाही में : प्र. आरक्षक श्यामसुन्दर वैश्य, बालगोविन्द तिवारी, सैनिक कृष्ण कुमार योगी, रामसिया पटेल, जगदम्बा प्रसाद तिवारी शामिल रहे।

### खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर की गई कार्यवाही

**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिंगरौली, श्री चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक महोदया, निवेदिता गुप्ता, जिला सिंगरौली (म.प्र.) के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सृजन वर्मा (आई.ए.एस), जिला खनि अधिकारी श्री ए.के. राय के मार्गदर्शन में खनिज विभाग में पदस्थ सहायक खनि अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला, चौकी प्रभारी शासन संदीप नामदेव, खनि सर्वेयर मुनेन्द्र सिंह के साथ खनिज एवं पुलिस अमले द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही के दौरान ग्राम-हर्रहवा (पटवारी भवन के सामने शासकीय भूमि पर) में खनिज रेत मात्रा 75 घ.मी. का अनाधिकृत रूप से भण्डारण किया जाना पाया गया। मौका जॉच के दौरान किसी भी व्यक्ति/फर्म के द्वारा खनिज रेत भण्डारण सम्बन्धित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये जाने पर लावारित रूप से सम्पूर्ण खनिज रेत मात्रा 75 घ.मी. जप्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 100000.00 (शब्दों मेंः एक लाख रू. मात्र) है। अवैध भण्डारणकर्ता के विरूद्ध खनिज नियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही हेतु कलेक्टर सिंगरौली के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। उक्त कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक संतोष साकेत, प्रधान आरक्षक मोहम्मद कौशर, फूल सिंह एवं देवेन्द्र सिंह, तथा सैनिक श्री कृष्ण कुमार योगी, रामसिया पटेल की भूमिका सराहनीय रही।



## सुहासिनी संघ ने धूमधाम से मनाया "ऋतुरंग" वार्षिकोत्सव

**सिंगरौली**

विंध्याचल में संचालित सुहासिनी संघ एक सामाजिक संस्था है जो महिलाओं के सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में कार्य करती है। सुहासिनी संघ ने अपना वार्षिक उत्सव कार्यक्रम दिनांक 28.06.2024 को सायं 07:00 बजे परियोजना के उमंग भवन धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम का थीम "ऋतु रंग" था।

ऋतुओं पर आधारित इस कार्यक्रम में शीतल, बसंत, ग्रीष्मा, बरखा और हेमा नामक पात्रों के माध्यम से वर्षभर की ऋतुओं के त्योहारों को बारी बारी से प्रस्तुत किया गया। इन त्योहारों को नृत्य के माध्यम से दिखाया गया। इस मनोरम वार्षिकोत्सव में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई. सत्यफणी कुमार, मुख्यअतिथि के रूप पधारे तथा मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री समीर शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) श्री बी सी चतुर्वेदी एवं महाप्रबंधकगण भी उपस्थित रहे।

सुहासिनी संघ की अध्यक्षा श्रीमती ई सरोजा फणी कुमार, उपाध्यक्षा श्रीमती सारिका चतुर्वेदी एवं महासचिव श्रीमती शिल्पा कोहली, एवं सदस्यगण अपने परिवारजनों सहित इस उत्सव में पधारे। इस उत्सव में छोटे छोटे गेम्स का भी आयोजन किया गया जिसका लोगों ने खूब लुफ़्त उठाया। सुहासिनी संघ ने अपना वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत किया। सुहासिनी संघ की अध्यक्षा श्रीमती ई सरोजा फणी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन महासचिव श्रीमती शिल्पा कोहली ने किया।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महिला क्लब के कार्यक्रम की खूब सराहना की और सुहासिनी संघ को नित्य नए सामाजिक कार्यक्रमों हेतु प्रेरित किया।

**खबर संक्षेप**

## रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** सहकारी समितियों में संचालक मण्डल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एमबी ओझा ने बताया कि महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित गोहट तथा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित डाढ़ा में निर्वाचन के लिए उप अंकेक्षक बीएल कनौजी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जिले में अब तक 38.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 38.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि तहसील हुजूर में 52.8 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 13 मिलीमीटर, गुढ़ में 15 मिलीमीटर, सिरमौर में 51.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 25 मिलीमीटर, सेमरिया में 78 मिलीमीटर, मनगवां में 23 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 49 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 61.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है। जिले में 29 जून को 5.4 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। इस दिन रायपुर कर्चुलियान में एक मिलीमीटर, त्योंथर तहसील में 8 मिलीमीटर, जवा में 6 मिलीमीटर तथा सेमरिया तहसील में 28 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

## एचआईवी सिफलिस स्कीनिंग शिविर संपन्न

**उमरिया।** जेल अधीक्षक डी.के. सारस ने बताया कि जिला जेल उमरिया में प्रवेश हुये 119 बंदियों की एच.आई.वी., सिफलिस स्कीनिंग के लिए शिविर आयोजन किया गया। जेल में ही जांच केन्द्र होने से जेल चिकित्सक के निर्देशन में 86 बंदियो का जांच की गई । नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति जिला उमरिया डाक्टर मुकुल तिवारी एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन के निर्देशन में आयोजित कैम्प में परामर्शदाता शिवांशु सिंगौर, अनुज रजक, नीलेश लखेरा एवं प्रियंका यादव जाँच , परीक्षण हेतु उपस्थित हुये। शिविर मे 33 बदियों की जाँच की गई। इस अवसर पर जेल चिकित्सक डॉ एस. के. जैन, जेल अधीक्षक डी. के. सारस एवं जेलर उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को तथा मेलनर्स कनिका रामपाल उपस्थित रहे। ड्यूटीरत मुख्य प्रहरी ने बंदियो को अनुशासन में रखकर शिविर में उपस्थित कराकर आयोजन को सफल बनाया गया।

## अधिकारियों-कर्मचारियो की लगाई गई ड्यूटी

**उमरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व्दारा दिए गए निर्देशानुसार जिले में लोक सभा एवं विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए वीजन डाक्यूमेंट आगामी एक वर्ष एवं पांच वर्ष हेतु तैयार किया जाना है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने वीजन डाक्यूमेंट तैयार करने हेतु डा अभय पांडेय प्राचार्य शासकीय माडल कालेज, सुशील मिश्रा डाईट फ्रेक्लटी डाईट, प्रदीप सिंह गहलोत प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल खलेसर, संजय पाण्डेय क्षेत्र संयोजक जन जातीय कार्य विभाग, गरिमा शर्मा व्याख्याता शासकीय पालीटेक्निक कालेज, राज कुमार महोबिया शिक्षक शासकीय उमावि करकेली, गणेश सोनी डाटा इंट्री आपरेटर तथा राकेश व्दिवेदी डाटा इंट्री आपरेटर की डियुटी लगाई है। कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा है कि लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र के विकास हेतु वीजन डाक्यूमेंट जिले के समस्त विभागों से जानकारी संकलित कर एक वर्ष एवं पांच वर्ष हेतु तैयार कर दो दिवस के अंदर प्रस्तुत करें।

## वातावरण को प्रदूषित होने से रोकने चलाया जा रहा पौधरोपण अभियान

**कोतमा।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्य तिथि से लेकर उनके जन्मदिन 6 जुलाई तक मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत कोतमा बीएमओ डॉ आर के वर्मा के नेतृत्व में कोतमा डीएमसी लैब टेक्नीशियन मो हनीफ खान, एसटीएलएस कु ज्योति गुप्ता द्वारा अस्पताल परिसर में पौधरोपण किया गया।

### उप मुख्यमंत्री ने आम का पौधा लगाकर अभियान का किया शुभारंभ

# उप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण अभियान एवं प्लांट एडाप्शन कैंपेन का किया शुभारंभ






*विकसित रीवा के साथ ग्रीन, क्लीन व हेल्दी रीवा बनाने में सहभागी बनें - उप मुख्यमंत्री*

रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आज एक पुनीत कार्य की शुरूआत हो रही है। पौधों से धरती का श्रृंगार होता है तथा यह आने वाली पीढ़ी के लिए उपयोगी होंगे। उन्होंने विकसित रीवा के साथ ग्रीन, क्लीन व हेल्दी रीवा बनाने में सभी के सहयोग की अपेक्षा की। राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग परिसर में आम का पौधा लगाकर पौधारोपण अभियान एवं प्लांट एडाप्शन कैंपन का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। रीवा शहर में जो पूर्व में पौधे लगाए गए थे उसके कारण काफी क्षेत्र हरा-भरा हो गया है। अब सड़कों के किनारे तथा खाली भूमि में पौधारोपण कर रीवा को हरीतिमा युक्त बनाना है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में 25 हजार पौधे लगाएं। पौधारोपण करने में सामाजिक संगठनों की भी सहभागिता हो। राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इंजीनियरिंग महाविद्यालय व अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में बड़े क्षेत्र में वृक्षारोपण कर पाथवे बनाकर घूमने योग्य पार्क बनाए गए हैं। सिविल लाइन में आधुनिक पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार एकांत पार्क भी बनाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान में सभी भागीदारी निभाएं तथा अपने परिजनों की स्मृति में पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी लें। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग परिसर रीवा में स्थित संकट मोचन राजेन्द्र हनुमान जी का दर्शन कर उनकी पूजा-अर्चना की। उन्होंने लक्ष्मणबाग गौशाला में गौपूजन कर खाना खिलाया तथा उन्हें दुलार किया।

इससे पूर्व सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि सघन पौधारोपण से शहर हरा-भरा होगा। उन्होंने इस अभियान को जन अभियान बनाने की बात कही। इस अवसर पर वन मण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा ने बताया कि वन विभाग द्वारा शहर में सघन पौधारोपण किया जाएगा। सड़कों के दोनों किनारों तथा खाली पड़ी जमीन में पौधारोपण किया जाएगा। लक्ष्मणबाग परिसर में साढ़े तीन हजार फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्लांट एडाप्शन कैंपेन के तहत आमजन क्यूआरकोड तथा टैग्स की पौधे के साथ फोटो खींचकर प्रमाण पत्र जनरेट कर सकते हैं। उनके द्वारा लगाए गए पौधे की जिम्मेदारी संबंधित की होगी कि वह उसकी सुरक्षा करें। अपने खास दिवसों व परिजनों की स्मृति में भी पौधे लगाकर लोग इस अभियान से जुड़ें। वन विभाग द्वारा लक्ष्मणबाग परिसर में पोषण वन के तहत आयोजित पौधारोपण अभियान में सीईओ जिला पंचायत, सीएमओ घनश्याम ताम्रकार, बाला व्यंकटेश शास्त्री, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, राजेश पाण्डेय, योगेन्द्र द्विवेदी सहित अधिकारियों एवं स्थानीय जनों ने पौधारोपण किया।

## सीसीटीवी कैमरे ने उगला कोतवाली पुलिस की बदनामी का राज, यूटूबर ने रची थी साजिश




**रीवा।** जिले की पुलिस ही नहीं सरकारी अमला यूटूबरों से परेशान है। पत्रकारिता के क ख ग घ का ज्ञान नहीं है परंतु मोबाइल पर किसी भी कहानी को तोड़ मरोड़ कर किसी को बदनाम करने का हुनर जरुर है। मजे की बात तो यह है कि इन्ही यूटूबरों को पुलिस सहित सरकारी तंत्र पत्रकार भी मानता है, क्योङ्कषक पुलिस अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारी सोशल मीडिया में अपना चेहरा चकमाने की तड़प रखते हैं। और उनको पास बैठा कर चाय पान से नवाजते है, आंख तो तब खुलती है जब वहीं भस्मासुर की भूमिका पर उतारू हो जाते हैं। हाल ही में कोतवाली की एक खबर यूटूबर ने सोशल मीडिया पर चलाई जिसमें बताया गया कि जुआं के फड़ पर पुलिस ने लाखों का खेला खेल दिया। जुआरियों को पकड़ कर दांव में लगी राशि तो हजम कर ही ली साथ खिलाडिय़ों को छोडऩे के लिए जमकर वसूली हुई। यह बात जब सामने आई तो उस खबर की तह से जो निकला वो काफी चौकाने वाला रहा है। इस बात का खुलासा जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों ने किया। बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के सर्राफा बाजार में जुआं का लंबा खेल चलता है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन जिस घटना को यूटूबर ने जुआं से जोड़ कर सोशल मीडिया पर चलाई उससे यह साबित होता है कि यूटूबर ने या तो जुआंडियो पर दबाव बनाने का काम किया या फिर पुलिस पर अपनी पत्रकारिता का रूआब दिखाया। फिलहाल सीसीटीवी कैमरे में देखा जा रहा है कि कोतवाली पुलिस ने सडक़ से संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा है जिनको कोतवाली ले जाया गया न कि जुआं की फड़ से युवक पकड़े गये। फिलहाल इस संबंध में जब कोतवाली टीआई से जानकारी चाही गई तो उन्होने बताया कि पुलिस का काम गस्त करना है इस दौरान कोई संदिग्ध नजर आये तो उसे पकड़ कर थाना लाके पूछताछ करना होता है।जिस घटना की खबर यूटूबर ने चलाई है उस रात पुलिस की चीता गाड़ी गस्त पर थी। गस्त के दौरान सर्राफा मार्केट सुलभ का लेक्स के पास दो युवक संदिग्ध हालत में मिले जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये। पुलिस ने पीछा कर उनको पकड़ लिया और थाना लेकर आ गई। पकड़े गये युवको का कोई अपराधिक रिकॉड न होने पर उनके परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया था। जिससे सीसीटीवी फुटेज घटना से लेकर कोतवाली तक उपलब्ध है। कोतवाली टीआई ने बताया कि मनगढ़ंत खबर चलाने के पीछे यूटूबर की मंशा क्या थी यह तो वही बता सकता है।

## ग्रंथपाल डॉ. देवेश शुक्ला को दी विदाई एवं सम्मान समारोह




**रीवा।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ मे डॉ.देवेश शुक्ल (ग्रंथपाल) का शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने के पश्चात विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया! कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य डॉ ए. के. यस. तिवारी जी द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप टी आर एस कॉलेज रीवा के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ एसपी शुक्ला सर, डॉ भूपेंद्र सिंह , डॉ एस पी सिंह, डॉ.अखिलेश शुक्ल, डॉ अजय सिंह चौहान ,डॉ द्विवेदी जी द्वारा देवेश शुक्ला जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद आगे के जीवन काल के लिए शुभेच्छा संप्रेषित किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से रंगारंग प्रस्तुति एवं विदाई गीत के माध्यम से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की.. कार्यक्रम के अंत में देवेश शुक्ला जी द्वारा बच्चों को अनुशासन में रहकर अपने कर्तव्य पथ पर अग्रषित रहने व भविष्य के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं संप्रेषित किया गया..कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ.राजेंद्र कुमार तिवारी जी ने किया..इसके अलावा कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से डॉ.शैलवाला मिश्रा श्रीमती रेखा मिश्रा डॉ.जेडी प्रजापति डॉ.संदीप कपूर डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ अरबेद्र उपाध्याय ,डॉ . स्काई तूफान, डॉक्टर श्री राम द्विवेदी ,डॉ भीम कुशवाहा, डॉ अरुण सोनी, डॉ अमित मिश्रा ,श्रीमती पूनम पटेल एवं समस्त विद्यार्थी तथा शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारीगण की महत्वपूर्ण भूमिका रह।

## लघु वेतन कर्मचारी संगठन द्वारा संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने की अपील



**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवम् जिला अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने कमिश्नर/ कलेक्टर के साथ साथ सभी विभाग प्रमुखों से अपील की है कि मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग (शासकीय कर्मचारी कल्याण संगठन) मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक एफ़ 56/ 2013/ 1 15/ क. क. भोपाल में दिए गए निर्देश का पालन करते हुए सभी विभाग प्रमुख तत्परता के साथ संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करते हुए मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों को वार्ता के लिए आमंत्रित करे। उक्त आदेश के अनुसार वर्ष में चार बार अर्थात तीन माह में एक बार बैठक आयोजित किए जाने का प्रावधान है। सक्षम अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय सेवकों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उचित निराकरण करेंगे। कार्यवाही विवरण से शासन को भी अवगत कराने का निर्देश है। के.सी त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि स्पष्ट आदेश होने के बाद भी किसी विभाग द्वारा बैठक आयोजित नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों की जायज मांगो को अनदेखा किया जा रहा है। साथ ही सक्षम अधिकारी कर्मचारी संगठनों के पत्रों का उत्तर भी नहीं दे रहे है। कलेक्टर रीवा से उक्त मामले में समीक्षा करने की अपील की गई है।

## न्यायालय ने विद्युत चोरी आरोपी को किया दोषमुक्त घोषित



**रीवा।** न्यायालय श्रीमान ग्यारहवें अपर सत्र न्यायाधीश महोदय रीवा( मध्य प्रदेश) समक्ष दिलीप सिंह ने विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक 919/2015 शासन बनाम राम उजागर लोनिया के मामले में निर्णय पारित कर आरोपी राम उजागर लोनिया तनय राम कृपाल लोनिया निवासी ग्राम खैरहन थाना व तहसील सिरमौर जिला रीवा मध्य प्रदेश को दोषमुक्त घोषित किया। विद्युत विभाग ने जांच के दौरान पाया था कि आरोपी घर में अवैध रुप से विद्युत कनेक्शन किया हुआ है और विद्युत की चोरी कर रहा है जिस वजह से आरोपी के विरूद्ध अपराध अंतर्गत धारा 135 मध्य प्रदेश विद्युत अधिनियम पंजीबद्ध किया था एवं विद्युत विभाग ने कार्यवाही उपरांत परिवाद पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था न्यायालय ने सभी साक्षियों के साक्ष्य आहूत करने के उपरांत पाया कि अभियोजन प्रकरण को संदेह से परे प्रमाणित करने मे असफल रहा है एवं निर्णय पारित कर आरोपी राम उजागर लोनिया को दोषमुक्त घोषित किया।

## बलिदान का नाट्य मंचन हुआ



**रीवा।** रावेन्द्र प्रताप सिंह सांस्कृतिक शिक्षा समिति रीवा द्वारा आयोजित प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के समापन पर हुआ नाटक बलिदान क मंचन इसका लेखन एवं निर्देशन विपुल सिंह के द्वारा किया गया है इस प्रस्तुति में कार्यशाला में प्रशिक्षित 25 कलाकारों के द्वारा मंच पर प्रस्तुति दी गई नाटक को बघेली बोली बानी में तैयार किया गया है और इसका संगीत भी बघेली लोक धुन पर आधारित है नाटक क संगीत विन्ध्य के प्रसिद्ध लोकगायक यशो शास्त्री ने किया है, नाटक की प्रस्तुति शहर के बीचो-बीच स्थित पत्रकार भवन कला मंदिर में आज दोपहर 1:00 बजे से हुआ 100 से ज्यादा दर्शकों ने नाटक क आनंद लिया नाटक लोक कथा पर आधारित थी नाटक देवी माता को दिए जाने वाले बली और उनके पूजा के ऊपर आधारित रही देवी के पूजन प्रक्रिया से प्रभावित होकर गाँव के बच्चे उसी तरह से खेल खेल मे देवी माता को एक बच्चे की बली चढ़ाते हैं और देवी मां बच्चों की पुकार सुनकर कर बली स्वीकार कर लेती है इसके बाद गांव के ओझा बाबा से सलाह ली जाती है ओझा बाबा गांव वालों को सलाह देते हैं की बली अगर माता ने ली है तो माता ही लौटा सकती है उसके बाद माता को प्रसन्न करने के लिए भगत शुरू की जाती है माता पूजन से प्रसन्न होकर क बच्चे को पुनः जिन्दा कर देती है नाटक में भाग लेने वाले कलाकारों में विनोद मिश्रा, ओंकार शर्मा, रत्नेश गोस्वामी, विपुल सिंह, स्निग्धा तिवारी, अंशिका मिश्रा, मुकुल मिश्रा, अरुणोदय सिंह, मोहित पांडे, आशीष, शिवा, श्रुति कीर्ति, भूमिका निगम, अंशिका तिवारी, आशुतोष मिश्रा, शांभवी श्रीवास्तव, आराध्या सिंह, सौम्य त्रिपाठी, काजल कुशवाहा रहे।

## भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन की बैठक सम्पन्न




**रीवा ।** भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन की बैठक उद्यान विभाग के बैठक हाल में सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष म.प्र.एवं राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य डॉ.अजय चौधरी, प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव, प्रदेश शैक्षणिक संरक्षण प्रमुख पी.एल.वर्मा, डॉ.रजनीशकान्त मिश्रा, सुधाकर पाण्डेय, अश्वनी कुमार शुक्ला उपस्थित हुए। बैठक में मोहित मिश्रा जिलाध्यक्ष द्वारा व्लेजर, स्मारिका एवं नवम्बर 2024 में होने बाले अधिवेशन की तैयारी के विषय पर चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ.अजय चौधरी ने कहा कि बरसात के मौसम में होने बाली बीमारियों के निदान देशी जड़ी बूटी औषधीय पौधे का उपयोग बताते हुए योग प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान को विस्तृत रूप से बताया। उन्होने करे योग रहे निरोग का नारा दिया। बैठक में राम बिहारी शुक्ला, नरेन्द्र कुमार शर्मा, पारस शुक्ला, डॉ.सुरेश प्रसाद मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पांडे, संजय श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, सुदामा शुक्ला, लक्ष्मी शंकर तिवारी, राजेश भल्ला, प्रवीण गुप्ता, राजीव गुप्ता एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## लौर पुलिस ने रात्रि में ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**मऊगंज:**जिले के थाना लौर अंतर्गत कई महीनों से लगातार हो रही चोरियां की सूचना थाना में मिलने पर थाना प्रभारी लौर जगदीश सिंह ठाकुर द्वारा कार्रवाई करते हुए अपराध सदर कायम कर माल मुल्जिम की पता तलाश की गई जो संदेही अभिषेक सिंह उर्फ आयुष को ग्रामीण जनों की मदद से पकड़कर पूछताछ की गई।तो बताया कि मैं अपने साथियों के साथ मिलकर अलग अलग जगह दुकान एवं घरो में ताला तोड़कर चोरी का सामान मै अपने एवं साथियों के घर मे छिपा कर रखा हूं। संदेही के बताए अनुसार मामले मे चोरी गया माल बरामद किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। बरामद मसरुका 01. चांदी का सिक्का 01 नग, फुलहा लोटा -1 नग , 02.फुलही कटोरी -01 नग ,03. कुकर 01 नग, 04. चम्मच 03 नग, 05.गैस सिलेंडर 01 नग, 06. गैस चूल्हा 01 नग, 07. कंटीली तार जाली की 2 बण्डल ,08. प्लास्टिक टार्च 01 नग,09. 15 किलो गेहू ,10. 15 किलो चावल , 2 लीटर तेल, 3 किलो खरी, 11. कापर वायर 20 मीटर, कुल कीमती 20000/- रुपए।